सफाई सेवा मैराथन : निगम कमिश्नर सड़कों पर उतरे तो एक दिन में उठा 6000 टन कचरा

करीब 9000 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने दिनभर जयपुर शहर की सफाई में झोंकी ताकत

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जयपुर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के लिए शनिवार को जयपुर नगर निगम ने अब तक का सबसे बड़ा सफाई अभियान "सफाई सेवा मैराथन-2026" शुरू किया। सुबह 7 बजे निगम कमिश्नर ओम कसेरा अपनी टीम के साथ सड़कों पर उतरे।

अभियान की शुरुआत में सफाई योद्धाओं ने जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की सामूहिक शपथ ली। देर शाम तक शहर से 6000 टन कचरा उठाकर डंपिंग यार्ड पहुंचाया। करीब 9000 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मैदान में उतरे, जबकि 1500 गाड़ियों से 7000 ट्रिप्स में कचरे का निस्तारण किया।

- कलेक्टर संदेश नायक ने भी निगम आयुक्त ओम कसेरा के प्रयास सराहे
- जलमहल की पाल पर एयरफोर्स और पुलिस के जवान भी साफ-सफाई में जुटे, आमजन का भी सहयोग मिला

खास बात यह रही कि कमिश्नर केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहे, किशनपोल बाजार में गंदगी देख उन्होंने खुद कूड़ा उठाया। कचरा उठाकर डस्टबिन में डाला। दोपहर होते-होते निगम कमिश्नर को जयपुर कलेक्टर संदेश नायक का साथ मिला। इसके बाद दोनों अधिकारी फील्ड में डटे रहे। दोपहर करीब 1:30 बजे कलेक्टर संदेश नायक और कमिश्नर ओम कसेरा आरयूएसएच स्थित अन्नपूर्णा रसोई पहुंचे।

अधिकारियों ने वहां न केवल खाने की गुणवत्ता और साफ-सफाई की जांच की, बल्कि आम जनता के साथ बैठकर भोजन भी किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से खाने के स्वाद और सुविधाओं का फीडबैक लिया। जलमहल की पाल पर इंडियन एयर फोर्स के 30 जवान और राजस्थान ग्रामीण पुलिस लाइन के 30 जवानों ने निगम के कर्मचारियों के साथ मिलक सफाई की। आयुक्त ने सुबह 7 बजे से शाम तक लगातार फील्ड में रहकर करीब 200 किलोमीटर का रूट कवर किया, जिसमें से 15 किलोमीटर पैदल निरीक्षण किया गया। इस दौरान शहरभर के 60 से अधिक प्रमुख स्थानों का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा गया और कई जगह स्वयं खड़े होकर ओपन कचरा डिपो हटवाए गए। इस अवसर पर जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने ऐलान किया कि यह अभियान केवल शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले के सभी नगर निकायों में इसी तर्ज पर सफाई मैराथन शुरू कराई जाएगी।

अभियान का असर पहले ही दिन धरातल पर नजर आया। ट्रांसफर स्टेशनों पर कचरा लेकर पहुंचने वाली गाडियों की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले दोगुनी दर्ज की गई। हालांकि, अजमेरी गेट और जलेब चौक पर पसरी गंदगी देख कमिश्नर ने नाराजगी भी जताई और अधिकारियों को फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ओम कसेरा ने सीधे आम जनता से संवाद किया। उन्होंने राहगीरों और दुकानदारों से पूछा- क्या आपके इलाके में रोज इसी तरह सफाई होती है?

डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाली गाड़ी समय पर पहुंच रही है या नहीं?जयपुर के किशनपोल बाजार पहुंचे कमिश्नर ओम कसेरा खुद को रोक नहीं पाए। कर्मचारी के साथ साफ-सफाई में उन्होंने हाथ बंटाया।

निगम कमिश्नर ने बताया कि यह कोई सामान्य अभियान नहीं बल्कि एक मैराथन है। शहर के सभी 13 जोन और 150 वार्डों में 9000 कर्मचारी तैनात किए गए। यह विशेष अभियान सुबह 7 बजे से देर रात तक यानी लगातार 14-15 घंटे तक चला। यूं तो रोजाना शहर से करीब 2000 से 3000 टन कचरा उठता है, लेकिन शनिवार को संसाधनों की बढ़ोतरी के साथ इस आंकड़े को पार कर शहर के हर कोने को साफ करने का लक्ष्य रखाा गया। देर शाम तक बजे तक 6000 टन कचरा संग्रहण किया जा चुका था।



नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की टीम ने शनिवार को जयपुर साफ करने की मुहिम छेड़ी। आयुक्त डॉ. ओम कसेरा ने स्वयं दिनभर फील्ड में घूमकर निरीक्षण किया।

55-55 लाख रुपए और सरकारी नौकरी और डेयरी बूथ देने पर बनी सहमति

- सीवर लाइन में जहरीली गैस की चपेट में आए मृतक के परिजनों ने दिया धरना

जयपुर । झोटवाड़ा इलाके में शुक्रवार को बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर टैंक में उतरे दो सफाईकर्मियों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के बैनर तले शनिवार को विरोध - प्रदर्शन किया। जिसके बाद प्रशासन और सफाईकर्मी संगठनों के बीच मृतकों के परिवारों को मुआवजा, नौकरी और डेयरी बूथ देने पर सहमति बन गई।

गौरतलब है कि शुक्रवार को सीवर मैनहोल की सफाई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में दो सफाईकर्मियों अजय और रामबाबू की मौत के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। इस घटना से नाराज सफाईकर्मियों ने काम बंद कर दिया। जिसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था काफी प्रभावित हो गई। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ, जयपुर शहर वाल्मीकि पंच कमेटी और नगर निगम प्रशासन के बीच लंबी बातचीत के बाद समाधान निकल आया है।

इस समझौते में मृतकों के परिवारों को 55 लाख 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया। यह राशि अजय की माता छोटी देवी और रामबाबू की पत्नी पूनम देवी को दी जाएगी। इस मुआवजे में विभिन्न विभागों का योगदान रहेगा। जिसमें स्वायत्त शासन विभाग 30 लाख रुपए, नगर निगम जयपुर 10 लाख रुपए , ठेकेदार 10 लाख रुपए , मुख्यमंत्री सहायता कोष 5 लाख और विधायक गोपाल शर्मा द्वारा 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। समझौते के दिन ही दोनों परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की पहली किश्त दे दी गई। इसके बाद 18 अप्रैल को 5 लाख रुपये और आने वाले सोमवार को नगर निगम की ओर से 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। बाकी राशि भी जल्द ही जारी करने का आश्वासन दिया गया है। प्रशासन ने मृतकों के एक-एक आश्रित को संविदा पर नौकरी देने के साथ ही दोनों परिवारों को आजीविका के लिए एक-एक डेयरी बूथ भी दिया जाएगा। प्रशासन के सकारात्मक रुख के बाद यूनियन ने संतोष जताते हुए हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया।

सार-समाचार

आमेरा सहित 55 सदस्य बेंगलुरु पहुंचे

बेंगलुरु । देश में बैंककर्मियों के पिछले 80 वर्ष से सक्रिय सबसे बड़े ट्रेड यूनियन संगठन "ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन" का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन 19 से 22 अप्रैल तक कर्नाटक राजधानी बेंगलुरु में होगा। एआईबीए राष्ट्रीय जनरल कौंसिल के सदस्य, राजस्थान प्रदेश बैंक एम्प्लाईज यूनियन के प्रान्तीय उप महासचिव सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा अधिवेशन में शामिल होने के लिए बेंगलूरु पहुँचे हैं। आमेरा ने बताया कि राजस्थान से आर.जी.शर्मा, महेश शर्मा, टी.सी.झालानी, रामावतार शर्मा, एम.एस.भटेजा, राहुल पांडे, रविकांत शर्मा, रवि वर्मा समेत बैंको के नेता व प्रतिनिधि अधिवेशन में भाग लेने पहुँचे है। अधिवेशन में पडौसी राष्ट्र नेपाल, बांग्लादेश, मलेशिया, श्रीलंका, साइप्रस और क्यूबा सहित कई देशों के वित्तीय जानकार भी शामिल होंगे । आमेरा ने बताया कि 20 अप्रैल को (1946-2026) एआईबीईए का 80वा स्थापना दिवस समारोह आयोजित होगा। इस दौरान संविधान एवं लोकतंत्र-ट्रेड यूनियन के सामने चुनौतिया विषय पर व्याख्यान आयोजित होगा। सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट और इंडियन एसोसिएशन ऑफ़ लॉयर्स के सचिव साथी अश्वनी कुमार बख्शी व्याख्यान देंगे। इसके बाद 21-22अप्रैल को प्रतिनिधि सत्र आयोजित होंगे, जिसमें देश के सभी राज्यो में सहकारी बैंकों, ग्रामीण बैंको, व्यावसायिक बैंकों और निजी बैंकों दशा और दिशा,चुनौतियों, आर्थिक समस्याओं, सरकार की रीति नीति, निजीकरण, सहकारी बैंकों का मर्जर, कृषि ऋण, आर्थिक जगत, बैंक कर्मियों की सेवा शर्ते,वेतन वृद्धि समझौते आदि मुद्दों पर सभी राज्य से डेलीगेट अपने विचार रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

"गुजरे जमाने" के सुरों पर गूंजी तालियां

जयपुर । जयपुर में शनिवार को जैसे ही शाम ढली, महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम सुरों की रोशनी से जगमगा उठा और 'गुजरा हुआ जमाना-आता नहीं दुबारा' ने जयपुर को एक ऐसी संगीतमय यात्रा पर ले गया, जहाँ हर धुन में यादें थीं, हर गीत में एहसास। शहर के संगीत प्रेमियों से खचाखच भरे सभागार में तालियों, मुस्कुराहटों और गुनगुनाहट का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस खास संध्या में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और पद्म भूषण से सम्मानित पंडित विश्वमोहन भट्ट की गरिमामयी उपस्थिति ने सुरों की इस शाम को और भी प्रतिष्ठा प्रदान की। डॉ. प्रकाश छबलानी की परिकल्पना में सजे इस आयोजन ने जयपुर की समृद्ध संगीत परंपरा को एक जीवंत उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम की शुरुआत हाल ही में हुए आशा भोंसले जी के निधन के शोक में एक भजन तुम्हारा मन दर्पण हो जाए के साथ हुई। मंच पर जब एक के बाद एक सदाबहार धुनें बिखरीं, तो श्रोताओं का दिल जैसे बीते दौर में लौट गया।

शिक्षकों मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

जयपुर । राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) जयपुर के तत्वावधान में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट जयपुर के बाहर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कलेक्टर संदेश नायक को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव एवं शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह कार्यक्रम प्रदेश संगठन के आव्हान पर जिलाध्यक्ष शेर सिंह धाकड़ के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने ग्रीष्मावकाश व अन्य अवकाशों में की गई कटौतियों का विरोध जताया तथा पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने की मांग उठाई। साथ ही, स्थायी एवं पारदर्शी स्थानान्तरण नीति लागू करने सहित 21 सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश यादव एवं जिला मंत्री सुभाष विश्नोई ने बताया कि प्रदर्शन के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान शिक्षकों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष गिरीश कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष शेर सिंह धाकड, जिला सभाध्यक्ष बृजमोहन चौधरी, बुद्दाराम प्रजापति, सतीश कुमार यादव, दिनेश यादव, सुभाष विश्नोई, महेन्द्र प्रजापति सहित कई शिक्षक नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

19 शहरों का पारा 40 पार पहुंचा

जयपुर । पश्चिम विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है। अब आगामी समय में प्रदेश के पारे में उछाल देखने को मिलेगा। शनिवार को प्रदेश के 19 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 43 के साथ चूरू का दिन और 30 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। जयपुर का पारा भी 40 डिग्री के पार पहुंच गया। जयपुर रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट के साथ 25 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में भी आंधी के कारण तापमान में गिरावट हुई।

फूड पॉइजनिंग की सूचना पर मावा-दूध के 10 नमूने लिए

खाद्य सुरक्षा टीम ने बस्सी क्षेत्र में कार्रवाई की

जयपुर (कासं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने फूड पॉइजनिंग की सूचना पर बस्सी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मावा और दूध सहित 10 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल के नेतृत्व में टीम नई कोठी की ढाणी, इसरवाला (तहसील बस्सी) पहुंची। यहां बुद्धाराम सैनी के घर लगन टीका कार्यक्रम में करीब 800 लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई थी।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में मिश्री मावा, बर्फ़ी, रसगुल्ला, दही, रायता, लड्डू, पूड़ी, नमकीन और आलू-मटर की सब्जी परोसी गई थी। भोजन करने के बाद कई लोगों की तबीयत खराब होने पर फूड पॉयजनिंग की आशंका जताई गई। जांच में सामने आया कि मावा चीथवाड़ी मंडी स्थित लालाराम शर्मा की मावा भट्टी से करीब 100 किलो मावा 240 रुपए प्रति किलो की दर से मंगवाया गया था। टीम ने मौके से मिश्री मावा, बर्फ़ी सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने लिए और बची हुई करीब 35 किलो बर्फ़ी, पूड़ी, ब्रेड पकोड़े, मिर्ची बड़े व रसगुल्ले को नष्ट करवाया। साथ ही संबंधित मावा सप्लायर की सूचना सीएमएचओ जयपुर प्रथम को भी दी गई।

आखा तीज के बड़े सावे को देखते हुए टीम ने बस्सी क्षेत्र में मावा भट्ठियों का सघन निरीक्षण भी किया। इस दौरान अखेपुरा स्थित मैसर्स राधागोविंद मावा भंडार और मैसर्स गणेश मावा भंडार से मावा के नमूने लिए गए। मैसर्स राधा कृष्णा ब्रांड मावा उद्योग से मिश्री मावा और दूध के नमूने लिए गए। इसके अलावा बस्सी सामरिया रोड स्थित मैसर्स बालाजी मावा भंडार तथा हिंगोनिया स्थित मैसर्स नारायण मावा वाले से भी मावा और दूध के नमूने एकत्रित किए गए।

कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान और राजेश नागर शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि मिलावट के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लव जिहाद के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

जयपुर । विकृत जिहादी मानसिकता और लव जिहाद के विरुद्ध बजरंग दल के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर दूसरे दिन शनिवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी चौपड़ पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। महानगर संयोजक दीपक पलानहेडा ने कहा कि देश में समाज जीवन के लगभग हर क्षेत्र में बढ़ रही सुनियोजित जिहादी घटनाएं एक विकृत मानसिकता का परिचायक बन चुकी हैं। हाल ही में नासिक के टीसीएस में उजागर हुआ लव जिहाद का षड्यंत्र इसी श्रृंखला की एक कड़ी है। अनेक नगरों से लव जिहाद, वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, सेना और रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जा, खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र करना, अधिक मुस्लिम आबादी वाले स्थानों पर हिंदू परिवारों का उत्पीड़न और जनजाति की अवयस्क बालिकाओं का शोषण जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो सीधे तौर पर राष्ट्र विरोधी, अवैध, आपराधिक और सामाजिक सद्भाव को भंग करने वाली हैं। दीपक पलानहेडा ने कहा कि इस मानसिकता के विरुद्ध जन जागरण करने और कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता हाथों में तख्ती थामे प्रदर्शन में शामिल हुए और जोरदार नारेबाजी की। प्रांत संयोजक परमवीर सिंह चौहान ने कहा कि हाल के समय में सामने आ रही घटनाएं समाज के लिए चिंता का विषय हैं।

74 वर्षीय बुजुर्ग ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

जयपुर (कासं)। हरमाड़ा क्षेत्र में 74 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा शुक्रवार रात आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग अपने घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची हरमाड़ा थाना पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटा कर जांच शुरू की।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद ने बताया कि भूरा डिब्बा कच्ची बस्ती निवासी मंगल (74) पुत्र भूराराम अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रहता था। जिसने घर के एक कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।

शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक लंबे समय से डायबिटीज (शुगर) की बीमारी से परेशान था, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में था। हालांकि, पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

महंगाई-बेरोजगारी से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही भाजपा : खाचरियावास

जयपुर । पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी असफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए इस मुद्दे को उछाल रही है। खाचरियावास ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी गंभीर समस्या है, मनरेगा में काम प्रभावित है और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। ऐसे में इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भाजपा महिला आरक्षण का मुद्दा उठा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पारित हो चुका है, ऐसे में लोकसभा की 543 सीटों में से करीब 100 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं, लेकिन भाजपा इसे लागू करने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। खाचरियावास ने कांग्रेस कार्यकर्ता इन मुद्दों पर सड़कों पर उतरकर जवाब देंगे।

युवा महोत्सव के पोस्टर विमोचन

जयपुर । अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से इंटर-कॉलेज यूथ फेस्टिवल का आयोजन 25 एवं 27 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। युवा महोत्सव के पोस्टर का औपचारिक विमोचन किया गया। कार्यक्रम संरक्षक कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम की आयोजक डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक एवं बहुआयामी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कलात्मक गतिविधियों को एक समग्र मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है।

"लड़की हूं, लड़ सकती हूं" का नारा देने वाली प्रियंका गांधी का महिला आरक्षण के मुद्दे पर विरोध क्यों हैं?

- भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सी.पी.जोशी ने प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को घेरा

नई दिल्ली/जयपुर (कासं)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि "लड़की हूं, लड़ सकती हूं" का नारा देने वाली प्रियंका गांधी का महिला आरक्षण के मुद्दे पर विरोध क्यों है? लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जोशी ने कहा कि कांग्रेस की चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही महिला विरोधी रहा है। जब देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाने का अवसर आया, तब कांग्रेस और विपक्षी दलों ने उसका समर्थन नहीं करके देश की लगभग 50 प्रतिशत महिला आबादी की आकांक्षाओं के साथ अन्याय किया है।

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि केंद्र की सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी देने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय है। इस कानून के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया, जिससे देश की महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी को और मजबूत बना सकें।

सांसद सीपी जोशी ने राजस्थान में पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय महिलाओं की स्थिति और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के राज में बेटियां असुरक्षित हुईं। राजस्थान महिलाओं के खिलाफ अपराध में लगातार टॉप राज्यों में रहा। अलवर, जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर में हुई घटनाओं ने प्रदेश को शर्मसार किया। हर बार सरकार ने सिर्फ जांच के वादे किए, अपराधियों में डर खत्म हो गया। महिला सुरक्षा के नाम पर घोषणाएं तो बहुत हुईं, लेकिन निर्भया फंड का इस्तेमाल, महिला गश्ती दल, सीसीटीवी कैमरे- जमीन पर काम आधा-अधूरा रहा। चुनाव से पहले प्रियंका गांधी ने 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा दिया, राजस्थान की बेटियों के लिए वो नारा कहां गया?

प्रिंटिंग प्रेस में करंट लगने से श्रमिक की मौत

जयपुर । महेश नगर इलाके में स्थित कतारपुरा में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करते वक्त करंट की चपेट में आने से एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के भाई ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ लापरवाही से काम करवाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह ने बताया कि करतारपुरा स्थित नेहा इंटर प्राईजेज प्रिंटिंग प्रेस में काम करते वक्त दिनेश (40) करतारपुरा निवासी करंट की चपेट में आ गया था। करंट लगने से वो उछल कर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से झुलस गया। पता चलने पर अन्य साथियों ने उसे गंभीर झुलसी हालत में सवाई मानसिंह हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वाहनों के इंजन-चेचिस और नंबर प्लेट बदलने वाला गिरफ्तार

जयपुर। (कासं)। जयपुर में वाहन चोरी और फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए जालूपुरा थाना पुलिस ने दिल्ली से चोरी की गई स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया है। पुलिस ने गाड़ी के इंजन, चेचिस और नंबर प्लेट बदलकर उसका अवैध उपयोग करने वाले शातिर गिरोह के सदस्य विक्रम जांगिड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विक्रम जांगिड़ मूल रूप से जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के नाथावाला का रहने वाला है और वर्तमान में वैशाली नगर में किराए के मकान में रह रहा था। आरोपी के कब्जे से हरियाणा नंबर की चोरी की स्कॉर्पियो बरामद की गई है, जिसे दिल्ली से चोरी करने के बाद फर्जी कागजात से चलाया जा रहा था।

ट्रैफिक पुलिस की जांच में खुलासा हुआ

मामले का खुलासा उस समय हुआ जब ट्रैफिक पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में स्कॉर्पियो को रोका। पुलिस द्वारा दस्तावेजों की जांच के दौरान गाड़ी पर लगा हरियाणा नंबर संदिग्ध पाया गया। जब दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तो पता चला कि यह स्कॉर्पियो दिल्ली से चोरी की गई थी।

इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने मामले की सूचना जालूपुरा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब गाड़ी के चेचिस नंबर का मिलान किया तो वह भी किसी अन्य वाहन से मेल खाता पाया गया। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को वाहन सहित हिरासत में ले लिया।

फर्जी नंबर प्लेट व चेचिस का खेल

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी और उसके साथी चोरी की गई गाड़ियों की पहचान छिपाने के लिए अन्य रजिस्टर्ड वाहनों की नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे।

इसके अलावा इंजन और चेचिस नंबर भी बदलकर गाड़ियों को सड़कों पर चलाया जाता था ताकि किसी को शक न हो। शिकायतकर्ता ने भी पुलिस को बताया कि उसकी गाड़ी के नंबर का दुरुपयोग किया जा रहा था। जिसके बाद पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई।

गिरोह के बड़े नेटवर्क की आशंका, तलाश शुरू

पुलिस को आशंका है कि यह मामला किसी एक आरोपी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित वाहन चोरी गिरोह सक्रिय है, जिसके तार बड़े शहरों से जुड़े हो सकते हैं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि चोरी की गाड़ियों को काटकर उनके पुर्जे अलग-अलग वाहनों में री-असेंबल कर बेचा जा रहा है। बरामद स्कॉर्पियो में लगे पुर्जे भी अलग-अलग कंपनियों के पाए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वाहन को कई हिस्सों में जोड़कर तैयार किया गया था।

पुलिस का मानना है कि पूरे देश से चोरी की गई गाड़ियों को सस्ते दामों का झांसा देकर बेचा जा रहा है। बाद में इन वाहनों को काटकर कबाड़ियों को बेच दिया जाता है या उनके पार्ट्स अलग-अलग वाहनों में इस्तेमाल किए जाते हैं।

जांच में यह भी सामने आया है कि इस पूरे रैकेट में वाहन चोरी करने वाले, फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले दलाल और कबाड़ी शामिल हो सकते हैं। पुलिस अब इस सप्लाई नेटवर्क की गहराई से पड़ताल कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती गिरफ्तारी केवल एक कड़ी है और आने वाले दिनों में इस वाहन चोरी सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी संभव है। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे गिरोह का पर्दाफाश हो सके।